उत्तराखंड जीवन-यापन सुधार परियोजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत सरकार** और [एशियाई विकास बैंक (ADB)]() ने **उत्तराखंड में** जलापूर्ति, स्वच्छता और शहरी गतिशीलता सहित **शहरी सेवाओं को बढ़ाने** के लिये **200 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण** पर हस्ताक्षर किये।

- **शहरी बुनियादी ढाँचे** के विकास में और अधिक सहायता देने के लिये **यूरोपीय निवेश बैंक** **191 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समानांतर निवेश** के साथ इस परियोजना का सह-वित्तपोषण कर रहा है।

मुख्य बिंदु

- **परियोजना के उद्देश्य:**
    - यह परियोजना भारत के शहरी विकास एजेंडे और शहरी सेवाओं में सुधार के उत्तराखंड के लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य शहरों में बेहतर जीवन-यापन और स्थायित्व सुनिश्चित करना है।
    - यह उत्तराखंड की आबादी को **बाढ़ और भूस्खलन** जैसे खतरों से बचाने के लिये **जलवायु और आपदा-रोधी शहरी बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित** करेगा।
- **परियोजना के अंतर्गत शामिल पहल:**
    - **उत्तराखंड के आर्थिक केंद्र हल्द्वानी में प्रमुख उन्नयन:**
        - हल्द्वानी में **जलवायु-अनुकूल सड़कें** विकसित की जाएंगी, साथ ही कुशल यातायात प्रबंधन प्रणाली, CNG बसें और इलेक्ट्रिक बस पायलट भी विकसित किये जाएंगे।
        - इस परियोजना में **वर्षा जल निकासी और सड़क किनारे नालियों का निर्माण** तथा बाढ़ से निपटने के लिये **पूर्व चेतावनी प्रणाली** का क्रियान्वयन शामिल है।
        - **हरित -प्रमाणित प्रशासनिक परिसर** और बस टर्मिनल से सार्वजनिक सेवा वितरण में वृद्धि होगी।
- **चार शहरों में जलापूर्ति और स्वच्छता में सुधार:**
    - **चंपावत, किच्छा, कोटद्वार और विकासनगर** में परियोजना का लक्ष्य 100% जल सेवा कवरेज, जलवायु-अनुकूल पाइपलाइनें, ट्यूबवेल, नए जलाशय और जल उपचार संयंत्र स्थापित करना है।
    - सीवेज उपचार सुविधाओं के माध्यम से स्वच्छता कवरेज को बढ़ाया जाएगा।
    - **महिला सशक्तीकरण एवं आजीविका के अवसर:**
        - इस परियोजना के तहत **महिलाओं को** बस चलाने, टिकट बुक करने और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों के प्रबंधन जैसे **कौशल प्रशिक्षण प्रदान** किये जाएंगे।
        - यह परियोजना कमज़ोर परिवारों की महिलाओं सहित महिलाओं को जल एवं स्वच्छता सेवाओं के संचालन एवं प्रबंधन में प्रशिक्षित करेगी।

एशियाई विकास बैंक (ADB)

- ADB एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसकी **स्थापना वर्ष 1966** में **एशिया-प्रशांत क्षेत्र** में **आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने** के उद्देश्य से की गई थी।
- इसका **मुख्यालय मनीला, फिलीपींस** में है और इसके **69 सदस्य** हैं।
- यह एक **बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा शासित** होता है और सदस्यों के योगदान, ऋण से अर्जित आय तथा ऋण पुनर्भुगतान के माध्यम से वित्त पोषित होता है।

यूरोपीय निवेश बैंक (EIB)

- इसकी **स्थापना वर्ष 1958** में हुई थी और यह **यूरोपीय संघ की ऋणदाता शाखा** है।
- यह विश्व की सबसे बड़ी बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं में से एक है तथा **जलवायु वित्त का सबसे बड़ा प्रदाता है**।
- वर्ष 1993 से, EIB धारणीय शहरी परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करके **भारत की उभरती हरित महत्वाकांक्षाओं का समर्थन**

कर रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-livability-improvement-project